तापमान

अधिकतम 43.7 डिग्री
न्यूनतम 18.1 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 19 अप्रैल 2025




12 मुख्य सचिव ने प्रशासनिक अधिकारियों को दिए निर्देश



12 वार हीरोज खेल स्टेडियम की जांच में मिली खामियां

## खबर संक्षेप

### हजारों की हेरोइन के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव भोगपुर के पास से एक व्यक्ति को 14 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत 56 हजार रुपये है। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान बुढ़िया निवासी हारुण खान के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### असला उपलब्ध करवाने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने शाहबाद आईलेट्स सेंटर पर गोली चलाने के आरोपियों को बाईक व हथियार उपलब्ध करवाने के एक और आरोपी राजविन्द्र सिंह उर्फ रजत वासी जिला यमुनानगर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहनलाल के मार्गनिर्देश में पीएसआई प्रमोद कुमार की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

### चोरों ने फैक्ट्री से चुराया लाखों रुपये का सामान

**यमुनानगर।** गांव भटली निवासी सतीश गर्ग ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसकी गांव में ही फैक्ट्री है। चोरों ने 10 अप्रैल की रात को फैक्ट्री में घुसकर वहां से आठ बैग अल्युमिनियम तथा पांच क्विंटल स्क्रैप चोरी कर ली। सुबह जब वह फैक्ट्री में आया तो उसे वहां से सामान गायब मिला। तलाश करने पर चोरों का कुछ भी पता नहीं चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### मारपीट के मामले में दो युवक किए गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी यश व विकास को गिरफ्तार किया है। तोपखाना के रहने वाले शुभम ने 16 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी यश, विकास व अन्य ने उससे लड़ाई झगड़ा कर चोटें पहुंचाई हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बीमा पॉलिसी के पैसे हड़पने वाला पकडा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने मृत्यु की कगार पर खड़े लोगों की बीमा पॉलिसी करवा कर धोखाधड़ी से बीमा पॉलिस के पैसे हड़पने वाले गिरोह के चौथे आरोपी पहल सिंह निवासी गांव बानीपुर जिला शामली, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। कुलदीप निवासी एल्डिको, सलीम निवासी नरवाना जीन्द व सचिन निवासी गुगनपुरा के साथ मिलकर गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों की फर्जी तरिके से बीमा पॉलिस करवाकर पैसे हड़पने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

### वर्क फ्रॉम होम के बहाने युवक से लाखों की ठगी

**पानीपत।** पानीपत की जाटल रोड निवासी राकेश सैनी को साइबर ठगों ने अपना शिकार बना लिया। ठगों ने वर्क फ्रॉम होम के बहाने एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा। जिसके बाद अधिक मुनाफे का लालच देकर उससे अलग-अलग खातों में रुपए डलवा लिए। ठगों ने उससे 2 लाख 70 हजार रुपए ठग लिए। वहीं राकेश की शिकायत पर थाना साइबर पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध देसी पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने पीपल मंडी बतरा कॉलोनी के नजदीक अमन पुत्र सुरेश निवासी वार्ड 11 सैनी कॉलोनी को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नाराकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया उसने उक्त देसी पिस्तौल करीब 15 दिन पहले कॉलोनी में चदर कवर बेचने आए एक अज्ञात फेरी वाले से चार हजार रूपए में खरीदा था।

---

राजनीतिक दुकानदारी चलाने के लिए कांग्रेस कर रही वक्फ बोर्ड बिल का विरोध

# विपक्षी दल भी कर रहे प्रधानमंत्री की नीतियों की तारीफ : नायब सिंह सैनी

## ईडी की कार्रवाई का विरोध के बजाए सहयोग करे कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

▪ प्रदेशवासियों को श्रीगुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व की बधाई

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश में विपक्षी दल चुपके-चुपके घर बैठकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबका साथ सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास की नीतियों की प्रशंसा कर रही है।

उन्होंने कहा कि मजबूरन अपना वजूद बनाए रखने के लिए विपक्ष को धरना प्रदर्शन करके खानापूर्ति करनी पड़ रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को गांव बीड मथाना में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री सैनी ने देश व प्रदेशवासियों को श्रीगुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्ववंश न्यौछावर कर दिया। इस बलिदान से बड़ा दुनिया में कोई बलिदान और त्याग नहीं है। इस बलिदान और त्याग को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने भी भाजपा सरकार पर तंग करने के आरोप लगाए थे, लेकिन आखिर में कोर्ट के आदेशों के बाद जेल जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने जब कोई गलत काम नहीं किया तो डरना नहीं चाहिए, ईडी पूछताछ कर रही है तो इसमें कांग्रेस के नेताओं को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए, अपितु कांग्रेस के नेताओं को जांच में सहयोग करना चाहिए। वक्फ बोर्ड के बिल का विपक्षी दलों ने अपने राजनैतिक दुकानदारी को चलाने के लिए विरोध किया है। इस बिल को लेकर कांग्रेस ने भी अपने वोट को सुरक्षित रखने के लिए आनन-फानन में बिल लाए, लेकिन उनको बिल के नुकसान और कमियों का पता नहीं था। तना ही नहीं विपक्ष के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों की घर बैठे तारिफ कर रहे है।



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### विपक्ष नाम की चीज नहीं


भाजपा सरकार वक्फ बोर्ड पर एक अच्छा बिल लेकर आई है और इस बिल पर सभी ने सहमति व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रदेश में विपक्ष नाम की अब कोई चीज नहीं है। भाजपा को ही अब विपक्ष की भूमिका निभानी पड़ रही है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तजेन्द्र सिंह गोल्डी, चेयरमैन धर्मवीर मिजापुर, उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष कलसाना, पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील राणा को भी सरोपा भेंट किया। इस मौके पर सरपंच देवी दयाल, प्रधान हरपाल सिंह, गुलजार सिंह, नरेन्द्र सिंह, सुरमुख सिंह, राजेन्द्र सिंह, सुरजीत सिंह, सतप्रकाश, हरमेश सिंह, अमरेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, मास्टर सतप्रकाश सैनी, गुरु चरण सिंह, ब्लॉक समिति सदस्य बचन सिंह, जिंदर सिंह आदि उपस्थित थे।

---

# राज्यपाल दत्तात्रेय ने किया 'इरादा रेडियो' का शुभारंभ



▪ समाज कल्याण में रेडियो की सेवाओं का ऐतिहासिक योगदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने कहा कि समाज कल्याण में रेडियो की सेवाओं का ऐतिहासिक योगदान रहा है। भारत में रेडियो की शुरूआत समाचार प्रसारण से हुई थी, बाद में रेडियो पर मनोरंजन के साथ-साथ जीवन के विभिन्न पहलुओं समाज, संस्कृति और स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाई जाने लगे।

उन्होंने उम्मीद जताई कि कुरुक्षेत्र से शुरू होने वाले इरादा रेडियो भी समाज को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की प्रस्तुति देगा। राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय शुक्रवार को हिरमी में आयोजित रेडियो स्टेशन इरादा रेडियो के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने 88.4 मेगाहट्र्ज पर प्रसारित होने वाले रेडियो स्टेशन का बटन दबाकर शुभारंभ किया। इरादा रेडियो पर पहली आवाज राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की रिकॉर्ड की गई। बंडारु दत्तात्रेय ने कहा कि रेडियो स्टेशन श्रोताओं के लिए एक नया और रोमांचक अनुभव लेकर आएगा। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम होगा। श्रोताओं को सही सूचना उपलब्ध करवाने में कारगर साबित होगा। इस मौके पर एनआईटी के डायरेक्टर डा. बीवी रमना रेड्डी, चेयरमैन धर्मवीर मिजापुर, सरस्वती बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, डीएसटी रणजीत सिंह, इरादा रेडियो के सचिव राजपाल पांचाल आदि मौजूद रहे।

---

# करनाल : पत्नी रूठी तो पति ने फंदे पर लटक कर दे दी जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

▪ पांच साल पहले विशेष समुदाय की युवती से लव मैरिज की थी

करनाल में शुक्रवार सुबह युवक ने घर में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक ने 5 साल पहले विशेष समुदाय की युवती से लव मैरिज की थी। शादी के बाद दोनों उत्तराखंड के ज्वालापुर से करनाल रहने आ गए थे। पत्नी को शक था कि उसके पति के किसी दूसरी युवती के साथ संबंध हैं। इस वजह से दोनों के बीच झगड़े होते थे। सुसाइड से पहले भी पति-पत्नी के साथ कहासुनी हुई थी। गुस्से में पत्नी घर से बाहर चली गई।

पीछे से पति ने फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान उत्तराखंड के ज्वालापुर निवासी देव उर्फ दुर्गेश (27) के रूप में हुई है। एक रिश्तेदार ने बताया कि दुर्गेश की पत्नी विशेष समुदाय से थी। इसके बाद वे उत्तराखंड से करनाल आकर रहने लगे। शादी के बाद दोनों को 2 लड़कियां हुईं। बड़ी लडक़ी 4 साल, जबकि छोटी 9 महीने की है।

### दूसरी युवती से संबंध का था शक

रिश्तेदार के मुताबिक कुछ दिन से दिव्यांशी को शक था कि दुर्गेश के किसी दूसरी युवती के साथ संबंध हैं। इसी बात को लेकर सुबह दोनों में लड़ाई हुई। दिव्यांशी ने दुर्गेश से कहा कि जिस लडक़ी से तू बात करता है, उसकी कॉल रिकॉर्डिंग मेरे पास आ जाएगी। इसके बाद दोनों सुबह रेलवे स्टेशन पर टिकट कराने के लिए गए थे। यहां से लौटने के बाद दुर्गेश बड़ी बेटी को स्कूल छोडऩे चला गया। जब वह घर आया तो दोबारा उसका पत्नी से झगड़ा हो गया। गुस्से में दिव्यांशी घर से बाहर चली गई। जाते-जाते दुर्गेश ने कहा अगर तुम बाहर गई तो कि मैं जान दे दूंगा। इस पर दिव्यांशी ने कहा - तुम तो हमेशा यही कहते हो। इसके बाद दिव्यांशी बाहर चली गई। पीछे से दुर्गेश ने फंदा लगा लिया। थोड़ी देर बार दिव्यांशी घर आई तो दरवाजा अंदर से बंद मिला।

---

# हत्या के सात आरोपियों को सुनाई उम्रकैद

▪ जानलेवा हमले में घायल जगरूप की अस्पताल में हो गई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

जिला कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त सैशन न्यायाधीश की अदालत ने हत्या करने के आरोपी मंजीत सिंह, लखविन्द्र सिंह, हरमनजीत सिंह, रणधीर सिंह, गुरमिन्द्र सिंह, जगमीत सिंह व खुशवंत सिंह वासीयान मुर्तजापुर जिला कुरुक्षेत्र को सुनाई उम्र कैद की सजा सुनाई है।

जिला न्यायवादी ने बताया कि 1 मई 2016 को पिहोवा पुलिस को दिए अपने बयान में लवदीप सिंह वासी मुर्तजापुर ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। 30 अप्रैल 16 को वह गांव में ही करियाना की दुकान पर खड़ा था। कमलजीत ने उसके भाई जगरूप को फोन किया कि पेहवा मार्किट आ जाओ। उसके बाद वह सब जगरूप सिंह के साथ पेहवा मार्किट के लिए जाने लगे तो एक इनोवा गाड़ी व 2/3 मोटर साईकिलों पर 8/10 व्यक्ति हाथों में गंडासी तथा देशी कट्टा लेकर उनके पास आए। आरोपियों ने आते ही उनके ऊपर हथियारों से हमला कर दिया। वह डर के मारे भागने लगे तो जगरूप सिंह नीचे गिर गया जिसको आरोपियों ने लाठी-बिंडे व रॉड से चोटे मारी। उनके शौर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गये। घायल जगरूप सिंह को हस्पताल ले जाया गया जहां पर ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या मामले के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।



### इनको सुनाई सजा

अतिरिक्त सैशन न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर आरोपी मंजीत सिंह, लखविन्द्र सिंह, हरमनजीत सिंह, रणधीर सिंह, गुरमिन्द्र सिंह, जगमीत सिंह व खुशवंत सिंह वासीयान मुर्तजापुर जिला कुरुक्षेत्र को दोषी करार देते हुए आईपीसी की धारा 148 के तहत 3 साल कैद व 5 हजार रुपये जुमार्ना, जुमार्ना ना भरने की सूरत में 3 माह के अतिरिक्त कारवास की सजा भुगतनी होगी, आईपीसी की धारा 323/149 के तहत 1 साल कैद व 1 हजार रुपये जुमार्ना, जुर्माना ना भरने की सूरत में 3 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी, आईपीसी की धारा 427/149 के तहत 2 साल कैद व 5 हजार रुपये जुमार्ना की सजा, जुर्माना ना भरने की सूरत में 3 माह के अतिरिक्त कारवास की सजा भुगतनी होगी, धारा 302 के तहत उम्र कैद व 1 लाख रुपये जुर्माना, जुमार्ना ना भरने की सूरत में 6 माह के अतिरिक्त कारवास की सजा भुगतनी होगी, आईपीसी की धारा 506 के तहत 2 साल कैद व 1 हजार रुपये जुमार्ना, जुमार्ना ना भरने की सूरत में 3 माह के अतिरिक्त कारवास की सजा भुगतनी होगी तथा आईपीसी की धारा 120-बी के तहत 5 साल कैद व 20 हजार रुपये जुर्माना, जुर्माना ना भरने की सूरत में 3 माह के अतिरिक्त कारवास की सजा भुगतनी होगी।

---

# दोस्तों के साथ सोम नदी में नहाने गया युवक पानी के बहाव में बहा

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

▪ गोताखोरों की मदद से युवक को ढूंढने में जुटी पुलिस

दोस्तों के साथ सोम नदी में नहाने गया एक युवक नदी में बह गया। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से युवक को ढूंढने का प्रयास किया मगर उसका कुछ भी पता नहीं चल सका।

कैंप कालोनी का रहने वाला युवक सोनू अपने दो दोस्तों के साथ फतेहगढ़ के निकट से बह रही सोम नदी में नहाने गया था। इस दौरान तीनों दोस्तों ने पहले तो नदी किनारे बैठ कर कुछ बाते की और फिर इसके बाद आपस में शर्त लगा कर कूदने लगे। इस दौरान सोनू पानी में कूद गया। दी में कूदने के तुरंत बाद सोनू बहाव में बहने लगा। जिसे देख उसके दोनों दोस्तों ने शोर मचाते हुए उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन सफल न हो सके। दोस्तों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की सहायता से युवक को ढूंढने का प्रयास किया मगर उसका कुछ भी पता नहीं चल सका। उधर, बूड़िया थाना प्रबंधक नर सिंह ने बताया कि नदी किनारे एक बाइक और पानी में डूबे युवक के कपड़े पड़े थे। तुरंत ही गोताखोर को बुलाकर युवक की तलाश शुरू कर दी थी। मगर अभी तक युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया।

# ट्राले की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत

**यमुनानगर।** जगाधरी बिलासपुर रोड पर गांव महमूदपुर के पास ट्राला की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक युवक अपनी बेटी का आधार कार्ड बनवाकर कंपनी में वापस लौट रहा था। पुलिस ने अज्ञात ट्राला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।गांव रसूलपुर निवासी बलविंदर सिंह ने बताया कि उसका भतीजा 28 वर्षीय दमनप्रीत सिंह इस्जेक कंपनी में काम करता है। वीरवार को उसका भतीजा घर से कंपनी में काम पर गया था। दोपहर को वह अपनी बेटी का आधार कार्ड बनवाने के लिए बाइक पर बिलासपुर आया था। जब वह वापस कंपनी में लौट रहा था तो जगाधरी बिलासपुर रोड पर गांव महमूदपुर के पास तेज गति से आ रहे ट्राला ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दमनप्रीत सड़क पर गिर गया। भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई।

▪ बेटी का आधार कार्ड बनवाकर कंपनी में लौट रहा था युवक

---

# घर के बाहर बेसुध मिली नाबालिग

▪ नशे की हालत में मिली, किशोरी के साथ दुष्कर्म की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय नाबालिग के साथ दरिंदगी का मामला सामने आया है। रात तीन बजे बच्ची अपने घर के बाहर बेहोशी की हालत में मिली।

उसके मुंह से नशे की बदबू आ रही थी। बच्ची पूरी तरह से बेहोश हो चुकी थी। परिजनों का आरोप है कि गांव के ही एक युवक ने उसे नशीला पदार्थ देकर रेप किया और फिर घर के बाहर छोडक़र फरार हो गया। बच्ची को अभी तक होश नहीं आया है। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शादीशुदा युवक पर आरोप

परिवार ने जिन पर आरोप लगाए हैं, वह गांव का ही रहने वाला है और शादीशुदा है। उसके दो बच्चे भी हैं। नाबालिग की मां व दादी का आरोप है कि कल रात 11 बजे आरोपी उनकी बच्ची को बहला-फुसलाकर ले गया था। चार घंटे बाद तडक़े 3 बजे वह बच्ची को नशे की हालत में घर के बाहर छोड़ गया। परिजनों का आरोप है कि आरोपी के खिलाफ पहले भी गांव में गलत संगत और नशे को लेकर बातें उठती रही हैं।

### मां का आरोप

बच्ची की मां ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि आरोपी ने बच्ची को स्मैक दी और गलत काम किया। सुबह जब वो घर के बाहर मिली तो बेसुध थी। आरोपी की मां भी इस साजिश में शामिल है और उन्हें धमकियां दी जा रही हैं कि हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। परिवार अब डरा-सहमा हुआ है और बच्ची की हालत भी गंभीर बनी हुई है। थाना प्रभारी तरसेम चंद ने बताया कि नाबालिग से रेप की जानकारी मिली थी। पुलिस रात को ही घटनास्थल पर पहुंच गई थी।

---

गेहूं तोलने में गड़बड़ी को लेकर सीएम फ्लाइंग ने की छापेमारी

# आढ़ती पर 10 हजार रुपये जुर्माना, लाइसेंस सस्पेंड

▪ अनाजमंडियों में किसानों को लूटने का किया जा रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

गेहूं खरीद सीजन के बीच हरियाणा की अनाजमंडियों में किसानों को लूटने का काम किया जा रहा है। गेहूं तोलने में गड़बड़ी के कई मामले सामने आ चुके हैं। भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम को किसानों की ओर से फोन कर कई शिकायतें इस बाबत की गई।

शुक्रवार को कुंजपुरा मार्केट कमेटी के अधीन पडऩे वाले घीड़ खरीद केंद्र में सीएम फ्लाइंग, नापतोल विभाग के अधिकारियों और कुंजपुरा मार्केट कमेटी की सचिव ने औचक निरीक्षण किया। भाकियू सर छोटूराम के प्रवक्ता बहादुर मेहला द्वारा मामला उठाए जाने पर अधिकारी यहां निरीक्षण करने पहुंचे थे। साथ में शुभम पोसवाल और गुरवंत संधू मौजूद रहे। बहादुर मेहला बलड़ी ने बताया कि अधिकारियों ने जब निरीक्षण किया तो तोल में गड़बड़ी देखने को मिली। गड़बड़ी करने के आरोपी एक आढ़ती का लाइसेंस सात दिन के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई मार्केट कमेटी की सचिव ने की। इधर नापतोल विभाग ने रिपोर्ट तैयार कर ली है। विभाग आढ़ती पर प्रति बोरी कम से कम 10 हजार रुपए जुर्माना लगाएगा। बहादुर मेहला ने कहा कि अधिकारियों और व्यापारियों ने किसानों को लूटने का नया तरीका इजाद कर लिया है।



### साहा मंडी में कई बोरियों में कम मिला गेहूं

**अंबाला।** मंडियों में चल रहे गेहूं के सीजन के दौरान साहा अनाजमंडी में सीएम फ्लाइंग ने रेड की। सीएम फ्लाइंग के साथ-साथ नाप तोल विभाग, हेफेड स्टोर निरीक्षक सहित मार्केट कमेटी के अधिकारियों ने मंडी में जगह-जगह तुलाई के बाद बोरियों में पैक की गई गेहूं का वजन तोला। इस बीच टीम ने कहीं खुले में तो कहीं तिरपाल के नीचे ढकी बोरियों को भी निकाल कर उसकी तुलवाई करवाई। साथ ही तुलाई मशीन को भी जांचा। हालांकि कुछ बोरियों के वजन में 100 से 200 ग्राम तक कमी मिली तो किसी में ज्यादा मिला। इस मुद्दे को लेकर आढ़तियों ने एकजुट होकर टीम को गेहूं की नमी व अन्य कई तकनीकी कारण बताए तो टीम संतुष्ट हुई। इस दौरान किसान यूनियन के नेता भी टीम की कार्रवाई में पहुंच गए। हालांकि उनकी तरफ से टीम से कई सवाल जवाब भी किए लेकिन कार्रवाई को नहीं रोका। मंडी में जांच के बाद जहां टीम ने आढ़तियों को चेताया कि अगर कोई कमी पाई जाती है तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान टीम ने मजदूरों सहित आढ़तियों को अपने नंबर भी जारी किए ताकि वह उनसे आसानी से संपर्क कर सके। क सीएम फ्लाइंग की टीम ने शाम 4 बजकर 30 मिनट पर मंडी की दबिश दी तो सभी आढ़तियों में हलचल मच गई। टीम ने 15 नंबर दुकान के आढ़ती इकबाल सिंह व 22 नंबर दुकान के आढ़ती राजकुमार की तुलाई की बाद रखी गई सैकड़ों बोरियों में से 10-10 बोरियों को जांचा।

---

# ट्रक की चपेट में आने से नर्सिंग की छात्रा की मौत

▪ छात्रा कॉलेज से लौटकर अपनी साइकिल पर घर जा रही थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा

साहा में हुए एक सडक़ हादसे में बीएससी नर्सिंग की छात्रा की मौत हो गई। यह हादसा साहा चौक के पास हुआ। छात्रा कॉलेज से लौटकर अपनी साइकिल पर घर जा रही थी। जब यह हादसा हुआ उस समय मृतका गीतिका (20) के पीछे-पीछे उसके पिता रामपाल सैनी भी साइकिल पर चल रहे थे।

पिता ने बताया कि उनकी बेटी एमएम यूनिवर्सिटी में बीएस सी नर्सिंग का कोर्स कर रही थी। वह रोजाना साइकिल पर सवार होकर घर से साहा बस अड्डे तक आती थी। साइकिल को एक दुकान पर खड़ी करके रोडवेज की बस से यूनिवर्सिटी जाती थी। 16 अप्रैल को दोपहर करीब 4:40 बजे जब गीतिका कॉलेज से लौट रही थी। जैसे ही वह गुलाटी ट्रांसपोर्ट के पास पहुंची तो पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्राले ने उसकी साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। गीतिका सडक़ पर गिर गई और चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद ट्रक चालक मौका देखकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद एक राहगीर ने तत्परता दिखाते हुए अपनी कार में घायल छात्रा को अंबाला कैंट के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। यहां डॉक्टरों ने गीतिका को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# सीएम नायब सैनी को भेंट की महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण

■ वाल्मीकि की शिक्षाओं का अनुशरण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हर घर वाल्मीकि रामायण अभियान के संयोजक करनाल जिले के समौरा गांव निवासी तेजिंद्र सिंह तेजी व धर्मानुयायियों ने संत कबीर कुटीर मुख्यमंत्री आवास चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को रामायण भेंट कर अभियान को गति दी। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि इस तरह के अभियान की समाज में बहुत जरूरत है। उन्होंने भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाओं का अनुशरण करने का संदेश दिया। महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा रचित रामायण युगों-युगों से मानव जाति को ज्ञान व दिशा प्रदान कर रही है और हमेशा करती रहेगी। विश्व का सबसे प्राचीन महाकाव्य आज भी सभी को प्रेरणा दे रहा है। तेजी ने कहा कि इस अभियान की शुरूआत 6 मार्च को केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल के हाथों नई दिल्ली में कृष्ण मेनन रोड स्थित उनके आवास से की गई थी। अभियान के तहत 1 हजार दिन में 21 हजार घरों में महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा रचित रामायण भेंट की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को शिक्षित होने के साथ-साथ अध्यात्म में भी मन लगाना चाहिए। इससे वे सामाजिक बुराईयों से बचे रहेंगे और उन्हें सही दिशा मिलने से जीवन में प्रगति की ओर बढ़ते जाएंगे। व्यक्तित्व प्रभावशाली बनेगा और सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह मानव जन्म परमपिता परमात्मा की आराधना करने के लिए भी है। अपने जीवन के व्यस्त पलों में से भी समय निकालकर परमात्मा को याद करके उसकी अनुकंपा का पात्र बनें। पाप व बुराईयों से बचकर रहें। जिस घर में रामायण पाठ करवाए जाते हैं उनमें सदस्यों के आचरण व व्यवहार को देखकर सीख ले सकते हैं। उनके मनों में शांति व धैर्य मिलेगा और वे किसी की बुराई नहीं करते। सामाजिक उत्थान के लिए शिक्षा भी बहुत जरूरी है। आज के विद्यार्थी रामायण के प्रसंगों एवं संस्मरणों से गहन विज्ञान के गूढ़ रहस्यों के बारे में शोध को लेकर प्रेरित हो सकते हैं। इस मौके पर अमर सिंह फौजी, जतिंद्र तुली, खुखुर्शी आलम, सुभाष त्रेहन, मदन सिंह, शक्ति सिंह, धनंजय सिंह, बालक राम, सूरज, रमन, नरेंद्र बंटी व अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सर्जन डॉ. जतिन यादव मणिपाल में देंगे सेवाएं

**करनाल।** मणिपाल हॉस्पिटल गुरुग्राम के मेडिकल विशेषज्ञों की टीम में अनुभवी और अत्यधिक निपुण कार्डियोथोरेसिक वैस्कुलर सर्जन, डॉ. जतिन यादव शामिल हुए हैं। वो कंसल्टैंट एवं विभागाध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे। डॉ. यादव गंभीर रूप से बीमार मरीजों की सर्जरी करने में निपुण हैं। ऑफ-पंप सीएबीजी, वॉल्व रिपेयर/ रिप्लेसमेंट, आयोर्टिक सर्जरी और मिनिमली इन्वेज़िव कार्डियेक सर्जरी करने का गहरा अनुभव है। आधुनिक और विस्तृत हैल्थकेयर सेवाएं प्रदान करने की हॉस्पिटल की प्रतिबद्धता मजबूत होगी। डॉ. जतिन यादव बेहद कुशल कार्डियेक सर्जन हैं।

### एक देश एक चुनाव से लगेगी कालेधन पर लगाम

**करनाल।** आजकल भारत में एक देश एक चुनाव का मुद्दा जोर पकड़ता जा रहा है। इसी को लेकर 22 अप्रैल को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के सभागार में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रबुद्ध समाज के लोगों से संगोष्ठी के लिए पंहुच रहे हैं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार ने इस कार्यक्रम में प्रबुद्ध समाज के लोगों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक भागीदारी की अपील करते हुए एवं एक देश एक चुनाव के देश के लोगों को होने वाले लाभ की जानकारी देते हुए कहा कि इससे न केवल राजकोष की बचत होगी अपितु इससे कालेधन पर लगाम भी लगेगी।



डा अशोक कुमार



### कार्यकर्ता पार्टी रीढ़ की हड्डी: रामपाल माजरा

**करनाल।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए शुक्रवार को आर.के. पुरम स्थित चौधरी फार्म हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को फूल माला डालकर सम्मानित किया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है, बिना कार्यकर्ताओं के हम मंजिल पर नहीं पहुंच सकते।

### किसानों पर अत्याचार करने वालों पर हो कार्रवाई

**करनाल।** अखिल भारतीय कांग्रेस किसान सैल के राष्ट्रीय संयोजक व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के पूर्व सदस्य ललित बुटाना ने कहा कि किसानों पर अत्याचार करने वालों पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। प्रशासनिक अधिकारी तुरन्त संज्ञान लेकर जो भी आढ़ती या अन्य लोग किसानों को परेशान करने का काम करते है तुरंत उनका लाइसेंस रद्द कर उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए। हर रोज अनाज मंडियों में किसानों की गेहूं तौल में गड़बड़ी पाई जा रही है। जिससे किसान वर्ग परेशान और हताश दिखाई दे रहा है।

## विधायक कश्यप ने इंद्री में किया ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन यात्रा का स्वागत

# युवा पीढ़ी को नशे से बचाना सबका दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ प्रदेश भर में चल रही साइक्लोथॉन यात्रा 2.0 'हम सबका सांझा सपना नशा मुक्त हो हरियाणा अपना' टैगलाइन के साथ शुक्रवार को इंद्री पहुंची। विधायक एवं चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने साइक्लोथॉन यात्रा में शामिल लोगों का फूल-मालाएं पहनाकर एवं उन्हें बुके देकर गर्मजोशी के साथ साइक्लोथॉन यात्रा का स्वागत किया। नशा मुक्ति का संदेश लेकर आ रही इस ऐतिहासिक यात्रा के स्वागत को लेकर हलके के लोगों में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। एसडीएम अशोक कुमार मुंजाल ने साइक्लोथॉन यात्रा में आए मेहमानों एवं हलके के लोगों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने स्वयं साइकिल चलाकर सिंचाई विभाग के विश्राम गृह से साइक्लोथॉन यात्रा को रवाना किया।

### बुराइयों से मुक्ति मिलेगी

विधायक रामकुमार कश्यप ने साइक्लोथॉन यात्रा के स्वागत कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 5 अप्रैल को हिसार से साइक्लोथॉन यात्रा को हरी झंडी दिखाकर प्रदेश के विभिन्न स्थानों के लिए रवाना किया था और यह यात्रा सिरसा के डबवाली शहर में 27 अप्रैल को समाप्त होगी। साइक्लोथॉन यात्रा का उद्देश्य हमारी आने वाली पीढ़ियों को नशे से बचाना है। उन्होंने बताया कि युवा पीढ़ी को नशे जैसी बुराई से बचाने के लिए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सर्वप्रथम करनाल से साइक्लोथॉन यात्रा का आयोजन किया था और अब प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस मुहिम को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से नशे जैसी बुराइयों से मुक्ति के बारे जानकारी मिलती है, इन आयोजनों को सफल बनाने के लिए हम सभी की भागीदारी बहुत आवश्यक है।

इस मौके पर डीएसपी नायब सिंह, बीडीपीओ गुरमलक सिंह, एसएमओ डॉ.सतबीर सिंह, बलिंद्र कटारिया, तेजिन्दर सिंह, पंकज कांबोज, संजय कांबोज,जसपाल बैरागी, दीपक सैनी, महिन्द्र सिंह पंजोखरा, राजबीर शर्मा व रामपाल सैनी सहित विभिन्न गांवों के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।



इंद्री। साइक्लोथॉन यात्रा का स्वागत करते विधायक रामकुमार कश्यप ।



इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप का स्वागत करते महाविद्यालय के प्रोफेसर ।

### 1933 पर दें नशा करने वाले की सूचना

साइक्लोथॉन साइकिल यात्रा 2.0 के साथ-साथ चल रहे हरियाणा पुलिस के जवान एएसआई एवं 175 बार रक्तदान कर चुके अशोक कुमार ने बताया कि आज हमारे पास सभी प्रकार की सुख-सुविधाएं है, लेकिन हम अपने बच्चों को ज्यादा समय नहीं दे पा रहे हैं और यही कारण है जो माता-पिता अपने बच्चों को समय नहीं दे पा रहे हैं, उनके बच्चे नशे की ओर चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों के खिलाफ सरकार द्वारा अनेक अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन जब तक हम जागरूक नहीं होंगे तब तक ऐसे अभियान कामयाब नहीं होंगे। इस अभियान में सबके सहयोग की आवश्यकता है और अगर कोई व्यक्ति नशा करता है या इसमें संलिप्त है तो इसकी सूचना भारत सरकार के पोर्टल मानस पर या हेल्पलाइन नंबर 1933 पर दे।

### एक देश-एक चुनाव' से संसाधनों की होगी बचत और शासन व्यवस्था होगी प्रभावशाली

इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय, मटक माजरी में 'एक देश-एक चुनाव' विषय पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ 'एक देश-एक चुनाव' विषय पर अपने विचार साझा किए। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने उन्हें पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है। चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से हम अपने देश के प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। देश में बार-बार चुनाव होने से हमें कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि चुनाव प्रक्रिया बहुत महंगी हो गई है और चुनावों को संपन्न कराने में समय एवं भारी धनराशि की बर्बादी होती है। उन्होंने बताया कि देश में हर वर्ष कहीं न कहीं चुनाव प्रक्रिया चलती रहती है, जिसका प्रभाव न केवल हमारी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है, बल्कि प्रशासनिक कार्य, विकास परियोजनाओं के साथ-साथ सामान्य जनजीवन भी प्रभावित होता है। ऐसे में 'एक देश-एक चुनाव' की अवधारणा सामने आती है, जिसका उद्देश्य है कि देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ करवाए जाए ताकि संसाधनों की बचत हो और शासन व्यवस्था अधिक प्रभावशाली बन सके।

देश में 'एक देश-एक चुनाव' होने से मतदान प्रक्रिया में होने वाले खर्च को कम किया जा सकता है और शेष राशि को देश के विकास में खर्च किया जा सकता है। जब चुनाव की प्रक्रिया पांच वर्ष में एक साथ होगी, तो सभी पार्टियों द्वारा किए जाने वाले खर्च पर नजर रखना आसान हो जाएगा और चुनाव में पारदर्शिता आएगी।




### साइक्लोथॉन यात्रा-2 के तहत लगाया गया हेल्थ चेकअप कैंप: कुलबीर मलिक

**करनाल।** रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार नशा मुक्त हरियाणा की मुहिम के तहत लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गई साइक्लोथॉन यात्रा 2.0 के तहत स्थानीय एनडीआरआई चौक पर हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया, इस कैंप में करीब 100 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। उन्होंने बताया कि इस कैंप में शुगर, ब्लड प्रेशर व जनरल चेकअप किया गया। रैली में भाग ले रहे स्कूल/कॉलेज व अन्य युवाओं के लिए रेडक्रॉस के कार्यवाहक जिला प्रशिक्षण अधिकारी राजपाल चौधरी की अगुवाई में एक फर्स्ट एड पोस्ट भी लगाई गई ताकि साइकिलिंग के दौरान कोई भी युवा को चोट लगने पर प्राथमिक उपचार दिया जा सके। यह हेल्थ कैम्प रेडक्रॉस व अमृतधारा अस्पताल के सहयोग से लगाया गया।



### नशाखोरी के खात्मे के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी: जगमोहन

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा है कि समाज में नशे की बुराई को खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। नशाखोरी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिये पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने कार्यकाल में जो कदम उठाये थे, उन्हीं पर अब मुख्यमंत्री नायब सैनी भी आगे बढ़ रहे हैं। जगमोहन महाराजा अग्रसेन चौक पर साइक्लोथॉन यात्रा को यमुनानगर के लिए हरी झंडी दिखाने से पहले बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यात्रा के प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर एसआई डा. अशोक ने ड्रग फ्री हरियाणा की शपथ दिलाई। उपायुक्त उत्तम सिंह, एसपी गंगा राम पूनिया, मेयर रेणु बाला गुप्ता, एसडीएम अनुभव मेहता, सीईओ जिला परिषद गौरव कुमार, नगराधीश मोनिका, डीएसपी नायब सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला उपाध्यक्ष राजबीर शर्मा, पार्षद राजेश अग्घी व जोगिंदर शर्मा, भाजपा कार्यकर्ता मदन गुर्जर, रमेश गिल, पंकज कम्बोज सहित डीईओ सुदेश ठुकराल, उप सिविल सर्जन डा. सिम्मी, जीएम रोडवेज कुलदीप आदि मौजूद रहे।

# अनाज मंडी में ड्यूटियां लगाए जाने पर कंप्यूटर लैब सहायक ने विरोध जताया

■ अनाज मंडियों में 30 से 40 किलोमीटर ड्यूटी करवाई जा रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के सरकारी स्कूलों में कार्यरत कंप्यूटर लैब सहायकों की अनाजमंडियों में कंप्यूटर ऑपरेट यानि ई-पास जेनरेट करने में अनावश्यक ड्यूटियां लगाई जा रही हैं। विभिन्न जिलों में लैब सहायकों से यह काम करवाया जा रहा है। इस कारण कंप्यूटर लैब सहायक को अनेकों समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पिछले तीन-चार महीने से कंप्यूटर लैब अटेंडेंट को सैलरी भी नहीं मिल रही। कंप्यूटर लैब अटेंडेंट का वेतन मात्र 12 हजार रुपए है। अनाज मंडी में ड्यूटी अनाज मंडियों में 30 से 40 किलोमीटर ड्यूटी करवाई जा रही है। ड्यूटी का कोई भी अतिरिक्त चार्ज नहीं दिया जाता। महिला साथियों की ड्यूटी भी ई पास जेनरेट करने में लगाई गई है। ड्यूटी का कोई भी टाइम नही है जिससे कंप्यूटर लैब सहायक साथियों में निराशा है। इस समस्या को देखते हुए राज्य प्रधान करमजीत संधू ने कहा कि कंप्यूटर लैब सहायक वेलफेयर एसोसिएशन इसका पूर्ण रूप से विरोध करती है। यह बिल्कुल अन्याय है। कंप्यूटर लैब सहायक इन ड्यूटियो से मानसिक रूप से परेशान हो चुके हैं। शिक्षा विभाग द्वारा भी आदेश जारी किए हुए है कि किसी अन्य कार्य में ड्यूटी न लगाई जाए, लेकिन फिर भी अनावश्यक ड्यूटी लगाई जा रही हैं।



### दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला, शिकायत दर्ज

**करनाल।** करनाल के बकरा मार्केट सदर बाजार की एक विवाहिता ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों पर जातीय नफरत, दहेज उत्पीडऩ, मारपीट, अश्लीलता व जान से मारने की कोशिश जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने बताया कि उसकी पहचान कपिल नाम के युवक से हुई थी। उसने शादी से पहले ही उसे अपनी जाति के बारे में बता दिया था, लेकिन कपिल ने कहा कि वह जाति में विश्वास नहीं करता और इंसानियत को मानता है। इसके बाद 9 दिसंबर 2022 को हिंदू रीति-रिवाज से दोनों की शादी हुई। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दहेज में 10-12 लाख का खर्च, फिर भी नहीं मिली इज्जत पीड़िता के मुताबिक, शादी में उसके परिवार ने ससुराल पक्ष की मांग के अनुसार दान-दहेज दिया था और कुल 10-12 लाख रुपए खर्च किए थे। शादी से पहले उसे स्किन डिजीज की जानकारी भी कपिल को दी गई थी, जिसे जानने के बाद भी उन्होंने शादी स्वीकार की थी। शादी के कुछ समय बाद ही सास और ननद ने उसके सारे गहने अपने कब्जे में ले लिए और जातिसूचक शब्दों में गालियां देने लगीं।

# करनाल और घरौंडा में अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

### खून पसीने की कमाई अवैध निर्माण में न लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि असंध तथा इंद्री के गांव रम्बा एवं संगोहा में अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि रोहतक रोड असंध पर लगभग 15 एकड़ में स्थित एक अवैध कॉलोनी में 3 डीपीसी, सीवर नैटवर्क तथा सभी कच्ची सड़को को ध्वस्त किया गया। बता दें इस अवैध कॉलोनी में विभाग द्वारा चौथी बार तोडफ़ोड़ की कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही के दौरान जिला नगर योजनाकार व कार्यालय की टीम, ड्यूटी मजिस्ट्रेट सचिव नगरपालिका असंध व थाना असंध की पुलिस फोर्स उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा गांव रम्बा में लगभग 1.5 एकड़ में स्थित एक अवैध कॉलोनी में सभी कच्ची सडकों व चारदीवारी को ध्वस्त किया गया तथा रम्बा चौक से संगोहा रोड पर लगभग 10 एकड़ में स्थित एक अवैध कॉलोनी में चारदीवारी, मैंनहोल, सीवर नैटवर्क तथा सभी कच्ची सडक़ों को ध्वस्त किया गया। इस दौरान जिला नगर योजनाकार व कार्यालय की टीम, डयूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार व थाना सदर करनाल की पुलिस फोर्स मौके पर उपस्थित रहे।



### घरौंडा में अवैध कॉलोनियों ढहाईं

घरौंडा। घरौंडा क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के निर्माण को लेकर प्रशासन की सख्ती लगातार बढ़ती जा रही है। डीटीपी (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग) विभाग द्वारा पिछले दो महीनों में यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है, जिसमें लगभग 7 एकड़ भूमि में बनाई जा रही दो अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया गया।

**मांग** सीएम ने खाद, बीज व दवा विक्रेताओं की मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया

# करनाल फर्टिलाइजर पेस्टिसाइड एवं सीड्स ट्रेडर्स एसोसिएशन की बैठक में नए बिल पर चर्चा

सीड्स और पेस्टिसाइड्स एक्ट में संशोधन करने के निर्देश भी दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



जिला करनाल फर्टिलाइजर पैसटीसाईड एवं सीडज ट्रेडर्स एसोसिएशन की मीटिंग प्रधान राम कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में नई अनाजमंडी स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में सभी ब्लॉक प्रधानों व अन्य प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रधान राम कुमार गुप्ता ने कहा कि बीती 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा एसोसिएशन के सभी जिलों से आए हुए अध्यक्ष शिष्टमंडल से समस्यायों के बारे में जानकारी ली। यह वार्तालाप चंडीगढ़ में हुई। सीएम ने सौहार्दपूर्ण माहौल में खाद, बीज व दवा विक्रेताओं की मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने इसी दौरान हरियाणा से छह प्रतिनिधियों के एक शिष्टमंडल की मीटिंग अपने प्रिंसिपल सैक्रेटरी साकेत कुमार आईएएस से निश्चित करवाई। सीड्स व पेस्टीसाइड्स एक्ट 2025 में आवश्यक संशोधन करने के निर्देश भी दिए। छह सदस्यीय समिति में अमित गोयल, राम कुमार गुप्ता , संजय सिंगला, सुशील गर्ग, मुकेश गोयल व मुकेश खुराना शामिल रहे। प्रिंसिपल सेकेट्री ने शिष्टमंडल के साथ काफी देर तक इस मामले में चर्चा की। प्रिंसिपल सेकेट्री से अगली मीटिंग 21 अप्रैल को होगी। शिष्टमंडल में शामिल करनाल जिला अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता और हरियाणा चेयरमैन अमित गोयल ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि हम किसानों को घटिया बीज या दवाई बेचने के बिल्कुल पक्षधर नहीं है। राम कुमार गुप्ता ने कहा कि जिला करनाल फर्टिलाइजर पैसटीसाईड एवं सीडज ट्रेडर्स एसोसिएशन मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करती है। बैठक में करनाल ब्लॉक प्रधान विकास बंसल, नीलोखेड़ी प्रधान देवेन्द्र चौहान, घरौंडा प्रधान कुलदीप बांगर, निसिंग से विनोद गोयल, इंद्री प्रधान रमन कांबोज, असंध प्रधान महेन्द्र गोयल,पवन अग्रवाल, पवित्र आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय नगरपालिका नीलोखेड़ी**

नगरपालिका नीलोखेड़ी प्रशासन द्वारा नीलोखेड़ी शहरवासियों से अपील है किः -

1. सभी प्रोपर्टीधारक विभाग की वैबसाईट https://ulbhryndc.org/ पोर्टल पर जाकर अपनी प्रोपर्टीज से सम्बन्धित डेटा स्वतः प्रमाणित करें अथवा नगरपालिका नीलोखेड़ी कार्यालय में आकर अपनी प्रोपर्टी आई.डी. को स्वतः प्रमाणित करवाए।
2. सभी नीलोखेड़ीवासी शहर को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने में नगरपालिका नीलोखेड़ी का सहयोग करें तथा खुले में कूड़ा-कर्कट एवं गन्दगी ना फैलाएँ तथा प्रतिदिन का कूड़ा नगरपालिका के वाहनों में डालें।
3. पशुओं को खुले में ना छोड़े, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।
4. किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण ना करें, नगरपालिका नीलोखेड़ी से नियमानुसार स्वीकृति लेने उपरान्त ही निर्माण करें।
5. प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग ना करें ताकि पर्यावरण को दुषित होने से बचाया जा सके और अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाए।

प्रधान
नगरपालिका नीलोखेड़ी

सचिव
नगरपालिका नीलोखेड़ी

### स्पेन स्टेनोसिस के कारण होती है शरीर में झनझनाहट

**करनाल।** कलाइयों, पैरों या पीठ में सुन्न या झनझनाहट महसूस होना लंबे समय तक बैठे रहने के कारण नहीं, बल्कि स्टेनोसिस के कारण भी हो सकता है। स्पाईनल स्टेनोसिस तब होता है, जब रीढ़ की हड्डी के बीच का खाली स्थान संकरा हो जाता है, जिससे नसों पर दबाव पड़ता है। यह लिगामेंट के मोटे होने, संक्रमण, चोट, हर्निएटेड डिस्क आदि के कारण हो सकता है। इस स्थिति में जीवनशैली में बदलाव और व्यायाम से लाभ मिल सकता है, पर गंभीर मामलों में नसों पर पड़ने वाले दबाव को कम करने के लिए स्पाईनल फ्यूज़न, लैमिनेक्टोमी, और लैमिनोप्लास्टी जैसी सर्जरी करने की जरूरत पड़ सकती है। डॉ. पुनीत कांत अरोड़ा ने कहा, 'आजकल काफी संख्या में स्पाईनल स्टेनोसिस के मरीज सामने आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### मंदिर से महिला का मंगलसूत्र चोरी

**इसराना।** पानीपत के सींक-पाथरी स्थित माता के मंदिर में दर्शन के लिए आई कोमल पत्नी दीपक कुमार निवासी सोनीपत का मंगलसूत्र चोरी हो गया। वहीं चोरी हुए मंगलसूत्र की कीमत करीब सवा दो लाख रूपये है। कोमल की शिकायत पर थाना मतलौडा की उरलाना कलां पुलिस चौकी ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, मंदिर में हर बुधवार को लगने वाले मेले में चोर सक्रिय रहते है जो श्रद्धालुओं को अपना निशाना बनाते है।

### श्मशान भूमि से पाइप चोरी

**इसराना।** पानीपत के गांव शाहपुर के श्मशान घाट से चोर 20 फुट लंबे चार लोहे के पाइप चोरी कर लिए। वहीं, गांव की महिला सरपंच कविता रानी ने बताया कि श्मशान घाट में नया शेड बनाया जाना था। इसके लिए पुराने शेड को हटाया गया था। पुराने शेड से निकले 20 फुट लंबे 8 पाइपों को श्मशान घाट की एक तरफ रखा गया था। 15 अप्रैल को जब ग्राम पंचायत के सदस्य और सरपंच वहां पहुंचे, तो चार पाइप गायब मिले। वहीं, कविता की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खनन करने वालों पर दो लाख जुर्माना

**पानीपत।** जिला खनन अधिकारी निरंजन सिंह ने बताया कि रिफाइनरी के पास अवैध रूप से रेती से भरे ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लिया व उन्हें आवश्यक कार्यवाही करने के बाद सीज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अवैध वाहन पर 2 लाख 15 हजार रुपये का जुर्माना किया गया है।

### दो लाख एमटी गेहूं का आवक

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जिले की मंडियो में गेहूं की खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। मंडियों में 201269.5 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। इसमें से 186156 मीट्रिक टन गेहूं की सरकारी खरीद हुई और 71994.8 मीट्रिक टन गेहूं की लिफ्टिंग की जा चुकी है।

### नई शिक्षा नीति पर वर्कशॉप आयोजित

**पानीपत।** एमएएसडी पब्लिक स्कूल में कक्षा 9वीं से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए नई शिक्षा नीति पर आधारित एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशाप के लिए रिसोर्स पर्सन अंशुल नई शिक्षा नीति ट्रेनी को आमंत्रित किया गया। वर्कशाप का उद्देश्य था छात्रों एवं अभिभावकों को नई शिक्षा नीति की संपूर्ण जानकारी देना। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस विषय के महत्त्व पर उन्होंने चर्चा करते हुए छात्रों को इस विषय को चुनने के लिए प्रेरित किया।

### इनेलो कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

**पानीपत।** इनेलो के जिला कार्यालय पर इनेलो कार्यकर्ताओं की मीटिंग जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि इनेलो प्रदेश अध्यक्ष चौ.रामपाल माजरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक में इनेलो राष्ट्रीय सचिव धर्मवीर पाढा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शमशेर देशवाल, प्रदेश सचिव हेमराज जागलान, जोगिंद्र आदि मौजूद रहे।

एसडी कॉलेज में छात्राओं ने सीखी टाई एंड डाई शिबोरी की कला

# स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें छात्राएं, टाई एंड डाई विधि के फायदे हमें मिल सकते हैं

प्रशिक्षिका का स्वागत प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा और गृह विज्ञान विभाग से प्रो. तन्नु वैद ने किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। एसडी पीजी कॉलेज में कार्यशाला में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज में 18 से 21 अप्रैल तक चलने वाली तीन दिवसीय पीडीलाईट कंपनी द्वारा प्रायोजित कार्यशाला का आगाज हुआ। जिसका उद्देश्य कॉलेज की गृह विज्ञान एवं अन्य संकायों की छात्राओं को आत्मनिर्भर और कौशलपूर्ण बनाने हेतू जागरूक एवं प्रशिक्षित करना है। कार्यशाला के पहले दिन पीडीलाइट विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षिका शिव वाणी दिल्ली स्कूल ऑफ आर्ट्स ने पधार कर छात्राओं को टाई एंड डाई के टिप्स के साथ व्यावहारिक ज्ञान एवं प्रशिक्षण दिया और सरकार के कौशल विकास के उद्देश्य की पूर्ति की। प्रशिक्षिका का स्वागत प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा और गृह विज्ञान विभाग से प्रो. तन्नु वैद ने किया। कार्यशाला में गृह विज्ञान की छात्राओं के साथ-साथ विभिन्न संकायों की 250 छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया। शिव वाणी पीडीलाईट विशेषज्ञ प्रशिक्षिका ने टाई एंड डाई के बारे में समझाते हुए कहा कि यह एक रंगाई की कला है जिसमें कपड़े को बांधकर या सिकोड़कर विभिन्न प्रकार के पैटर्न बनाए जाते हैं। इसे बांधनी या शिबोरी भी कहा जाता है।

**फायदे मंद विधि**

प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि टाई एंड डाई विधि के बहुत से फायदे हमें मिल सकते हैं। यह एक कलात्मक और रचनात्मक प्रक्रिया है जो अनोखे और आकर्षक डिजाइन बनाने की अनुमति देती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न कलाओं में दक्ष होकर छात्राएं, स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें। जबकि प्रो.तन्नु वैद ने भी अपने विचार रखे।

## जनता समाधान शिविर को और प्रभावी बनाएं प्रशासनः बराड

**पानीपत।** सहकारिता विभाग आयुक्त एवं सचिव आशिमा बराड़ ने शुक्रवार को पानीपत के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनता समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को समाधान शिविर में पहुंचने वाली समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीरता से कार्य करना होगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा संचालित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं में किसी भी तरह से समाधान में देरी नहीं होनी चाहिए। शुक्रवार को जिला सचिवालय में समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं के संदर्भ मे नगराधीश टीनू पोसवाल ने भी विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की व जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर प्रत्याशी कार्य करने की निर्देश दिए।

## रिफाइनरी में ऑनसाइट आपदा ड्रिल

■ आपदा ड्रिल के बाद समीक्षा बैठक हुई

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में संभावित खतरों, जैसे आग और गैस रिसाव, से निपटने के लिए नियमित रूप से आपदा ड्रिल का आयोजन किया गया।

इस ड्रिल का उद्देश्य निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली का मूल्यांकन करना था। इस आपदा ड्रिल के लिए परिदृश्य डीहेप्टानाइज़र कॉलम के आउटलेट पाइप कनेक्शन के पूर्ण बोर टूटने के परिणामस्वरूप हाइड्रोकार्बन का रिसाव निर्धारित किया गया था। वहीं, आपदा ड्रिल के बाद समीक्षा बैठक हुई। बैठक में आपातकालीन तैयारी योजना में और सुधार के लिए ऑडिट टीम द्वारा दी गई रिपोर्ट की समीक्षा अजय कैला, कार्यकारी निदेशक (कोर ग्रुप ), ऑडिट टीम तथा संबन्धित वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में की गई।


पानीपत। रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में आपदा ड्रिल में भाग लेते फायर फाइटर। फोटो :हरिभूमि

## धरती पर भगवान का स्वरूप है गुरू : संत

■ सावन कृपाल रूहानी मिशन ने रक्तदान कैंप लगाया, जरूरमंदों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। संगत को आशीर्वाद देते हुए संत राजेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष संत राजेंद्र सिंह के सत्संग प्रवचन और आध्यात्मिक दीक्षा कार्यक्रम सेक्टर 13-17 के हुडा ग्राऊंड में हुआ। जिसमें एक विशाल जनसमूह एकत्रित हुआ। आध्यात्मिक गुरु संत राजेंद्र सिंह 11 वर्षों के बाद पानीपत में आकर लोगों के दिलों में एक बार फिर आध्यात्मिक प्रेम और उत्साह का संचार कर दिया। वहीं माता रीटा ने गुरु अर्जन देव की वाणी से एक शब्द प्रभु होय कृपाल त इहु मन लाई का गायन किया। संत राजेंद्र सिंह ने फरमाया कि जब हम ऐसे महापुरुष के चरण-कमलों में पहुंचते हैं तो हमें अनगिनत आशीर्वाद प्राप्त होते हैं। उन्होंने गुरु अर्जन देव के शब्द की व्याख्या करते हुए इंसान की क्या अवस्था है उस पर प्रकाश डाला। हम सोचते हैं कि हम केवल शरीर और मन है तथा हमें यह शरीर इस दुनिया की जिम्मेदारियों को पूरा करने और इस संसार के भौतिक सुखों का आनंद लेने के लिए ही मिला है। जब हम किसी पूर्ण आध्यात्मिक गुरु के चरण-कमलों में पहुंचकर उनसे दीक्षा प्राप्त करते हैं, तभी यह सच्चाई हमारे सामने आती है कि वास्तव में हम आत्मा हैं, जो प्रभु के प्रेम और प्रकाश से भरी हुई है लेकिन हमारा मन पांच इन्द्रियों के द्वारा हमारा ध्यान बाहर की दुनिया में ही लगाए रखता है, जिस करके हम इस भौतिक दुनिया के सुखों और दुखों में ही घिरे रहते हैं। उन्होंने कहा कि एक सच्चा गुरु प्रभु का ही रूप हैं। जिनके जरिये हम ध्यान-अभ्यास करने का तरीका सीखते हैं।

## आईसीएआई की केंद्रीय टीम में पानीपत के दो सीएम सदस्य बने

**पानीपत।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की केंद्रीय टीम में पानीपत के दो चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को शामिल किया गया है। यह पानीपत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सीए रविन्द्र सिंह (बोर्ड ऑफ़ स्टडीज) और सीए मुकेश असीजा (पब्लिक रिलेशन कमेटी) को उनकी पेशेवर प्रतिबद्धता, उत्कृष्ट योगदान और नेतृत्व क्षमता के आधार पर आईसीएआई की केंद्रीय समिति में नियुक्त किया गया है। यह टीम भारत में चार्टर्ड अकाउंटेंसी प्रोफेशन को दिशा देने और नीतियों के निर्माण में अहम भूमिका निभाती है। इनकी नियुक्ति से यह साबित होता है कि पानीपत जैसे शहरों में भी अद्वितीय प्रतिभाएं मौजूद हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रभाव छोड़ने की क्षमता रखती हैं। वहीं, पानीपत शाखा की पूरी मैनेजमेंट टीम ने इस उपलब्धि पर दोनों सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।


सीए रविन्द्र सिंह।


सीए मुकेश असीजा

## बागवानी योजनाओं को लेकर चर्चा की

■ देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज के नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र ने पदभार ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज के नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र जागलान ने पदभार ग्रहण किया। डॉ.सुभाष चंद्र चिरंजीलाल महाविद्यालय, करनाल में कम्प्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष रहे हैं। उच्चतर शिक्षा निर्देशालय द्वारा जारी लिस्ट के अनुसार आज उन्होंने इस पद को ग्रहण किया। नवनियुक्त प्राचार्य के साथ उच्चतर शिक्षा जिला अधिकारी डॉ.रेखा त्यागी, राजकीय महाविद्यालय इंद्री से प्राचार्य डॉ.महेन्द्र सिंह बागी, राजकीय महिला महाविद्यालय, बस्ताडा से प्राचार्या डॉ.कमलेश, राजकीय महाविद्यालय, घरौंडा से प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र नागिया के साथ-साथ प्रोफेसर रणजीत, प्रो. यशपाल, डॉ.सरिता, डॉ.राजपाल, डॉ.महेन्द्रपाल, डॉ. मोना बत्रा, डॉ. नीतिका भंडारी, डॉ. नीतू कवात्रा, सरला, डॉ. सत्यपाल, डॉ. नरसीदास भी मौजूद थे। प्राचार्य डॉ. सुभाष चन्द्र जागलान ने ग्रीन मैन प्रो. दलजीत से कॉलेज में चलाई जा रही बागवानी योजनाओं को लेकर चर्चा की और बागवानी का निरीक्षण किया।


पानीपत। देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज के नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र जागलान को फूल भेंट करते हुए ग्रीनमैन प्रो .दलजीत, आदि। फोटो :हरिभूमि

## पुलिस को मानवाधिकारों के प्रति जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत जिला में अनुसंधानकर्ता पुलिस अधिकारियों के लिए शुक्रवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में एक दिवसीय कार्याशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को गिरफ्तारी की कानूनी प्रक्रिया, मानवाधिकारों का पालन एवं अभियुक्तों को न्यायालय में विधिसम्मत तरीके से पेश करने की प्रक्रिया की सटीक जानकारी देना था। वहीं, जिला न्यायवादी राजेश चौधरी व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने कार्यशाला में अनुसंधानकर्ता पुलिस अधिकारियों को मामलों में गिरफ्तारी की कानूनी प्रक्रिया, अधिकारों की जानकारी, और न्यायालय में उन्हें समय पर एवं उचित दस्तावेजों के साथ पेश करने की प्रक्रिया एवं गत दिनों माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी के विषय में जारी की गई हिदायतों इत्यादी की जानकारी दी। इधर, जिला न्यायवादी राजेश चौधरी ने बताया कि भारतीय संविधान एवं बीएनएसएस के तहत गिरफ्तारी की स्पष्ट प्रक्रिया निर्धारित है। मामलों में अभियुक्त की गिरफ्तारी के समय इसकी पालन करना प्रत्येक पुलिसकर्मी का कर्तव्य है।

## जो कर्मठ है उसे सफलता अवश्य मिलती है

■ समालखा के गुरूद्वारा नाक दरबार में गुरु अर्जन देव की याद में श्री सुखमणि साहिब के पाठ होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा


पानीपत। गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब माडल टाउन कमेटी प्रधान जगतार सिंह बिल्ला, आदि मीडिया से बातचीत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब माडल टाऊन में पांचवें गुरु अर्जन देव का 419वां शहीदी दिवस समूह संगत द्वारा मिलजुल कर बड़ी श्रद्धा-सत्कार के साथ को मनाया जाएगा। यह जानकारी गुरुद्वारा कमेटी प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने देते हुए बताया कि सुखमणि साहिब के पाठ लगातार चालीस दिन होंगे। बिल्ला ने कहा कि गुरु अर्जुन देव का कहना था कि जो सच्चा नाम जपता है,उसकी सारी चिंताएं दूर हो जाती हैं। जो दूसरों के प्रति दयालु है, उसे ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। जो ईश्वर की इच्छा के अनुसार चलता है, उसे कभी भी दुःख नहीं होता। जो सच बोलता है, उसे कभी भी डर नहीं लगता। जो कर्मठ है,उसे सफलता अवश्य मिलती है। गुरु अर्जुन देव को साहित्य से भी अगाध स्नेह था। ये संस्कृत और स्थानीय भाषाओं के प्रकांड पंडित थे। इस अवसर पर श्याम सिंह, जीवन सिंह, हीरा सिंह, राजेश अरोड़ा, सुरेंद्र कुमार, नारायण दास, अमित छाबड़ा, अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### मंत्री महिपाल ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित जन सुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को तुरंत आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। यह जनता दरबार, जो मंत्री ढांडा पिछले 11 वर्षों से हर गुरुवार को आयोजित कर रहे हैं, जनसेवा की एक सशक्त मिसाल बन चुका है। शिकायतकर्ताओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पुलिस और सफाई जैसे विभिन्न मुद्दों को मंत्री के सामने रखा। बिजली कटौती, ट्रांसफॉर्मर की खराबी, स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी, पुलिस प्रशासन से जुड़ी शिकायतें और साफ-सफाई जैसे विषय खास तौर पर चर्चा में रहे।

## जन समस्याओं के हल को फील्ड में उतरा नगर निगम स्टाफ

■ निगम अधिकारियों की टीम ने वार्ड 26 की समस्याओं को जाना, निराकरण का आश्वासन दिया

**पानीपत।** पानीपत में आगामी मानसून सीजन के दौरान पानीपत की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसको लेकर आज कल पानीपत नगर निगम की मेयर ही नहीं सभी पार्षद अपने अपने क्षेत्रों में अधिकारी को साथ लेकर स्थानीय समस्याओं का समय रहते समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड 26 की महिला पार्षद कुसुम भट्ट ने आज अपने वार्ड के सैनी कॉलोनी, गंगा राम कॉलोनी,गोपाल कॉलोनी और बिल्लू कॉलोनी का दौरा करके लोगों की समस्याओं को जाना और तत्काल कार्यवाही करने के आवश्यक निर्देश मौके पर ही मौजूद अधिकारियों को दिए। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी, एसई पुनीत कुमार, कार्यकारी अभियंता सुमित नांदल, जेई अजय छोक्कर भी उनके साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर मयंक, सरोज, रोशनी, जितेंद्र, प्रदीप, लाड़ी राणा, सुभाष शर्मा, प्रदीप, बीरमती, अनुराधा, बबीता, सुषमा, कंचन, संतोष आदि उपस्थित रहे।


पानीपत। वार्ड 26 में गंदें पानी की निकासी को लेकर फील्ड में सक्रिय निगम के अधिकारीगण व पार्षद कुसुम भट्ट।

## आग में गेहूं की 15 एकड़ फसल जलकर राख हो गई



**समालखा।** पानीपत के गांव मानना में गेहूं की फसल में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसके बाद आग करीब 35 एकड़ में फैल गई। वहीं आग को बढ़ते हुए देख गांव से लोग ट्रैक्टर के साथ हैरो जोडक़र खड़ी फसलों पर जुताई करने लगे ताकि आग और ने बढ़ सके। वहीं राहगिरों के द्वारा भी सडक़ किनारे खड़े पेड़ों से टहनियां तोडक़र आग को बुझाने के तमाम प्रयास किए गए लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। जिसमें 15 एकड़ खड़ी गेहूं की फसल जल गई। इसके अलावा 20 एकड़ कंबाइन से गेहूं की फसल काटने के बाद बचे फसल के अवशेष भी जल गए। किसानों का आरोप है कि दमकल की गाडियां देरी से पहुंची।

### बाल श्रम कर रहे 11 बच्चों का रेस्क्यू

**पानीपत।** पानीपत की जाटल रोड से सात और सिवाह बस स्टैंड से चार बाल श्रमिकों को एमडीडी ऑफ इंडिया की शिकायत मिलने पर मानव तस्करी विरोधी इकाई के सदस्यों ने रेस्क्यू करवाया और बाल कल्याण समिति पानीपत में पेश किया।

जहां इन सभी बच्चों की काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल देखभाल गृह पानीपत भेज दिया गया। गौरतलब है कि इन बच्चों की उम्र केवल 8 से 14 साल के बीच है। इस अभियान के तहत आज एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट की कार्रवाई में एसआई संदीप कुमार, शेखर और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे।

**कवि सम्मेलन** पानीपत जिला बार संघ ने हास्य कवि सम्मेलन करवाया

## इंसान को तनाव मुक्त करता है हास्यः सुरेंद्र

■ रजनी अवनी ने अपनी हास्य कविताओं से श्रोताओं को खूब हंसाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल तथा जिला बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में जिला बार कॉन्फ्रेंस हॉल में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें महेंद अजनबी, दीपक सैनी, रजनी अवनी ने अपनी हास्य कविताओं से श्रोताओं को खूब हंसाया। बार सचिव संदीप शांडिल्य के नेतृत्व में पूरी टीम ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि गजेंद्र फोगाट निदेशक हरियाणा कला परिषद के निर्देशन में ऐसे सांस्कृतिक उत्सव निरंतर प्रदेश भर में जारी हैं। वहीं बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए बार एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र दुहन एडवोकेट ने कहा कि आज के तनाव भरे जीवन को शांत करने मन को स्वस्थ करने के लिए हास्य कवि जैसे आयोजन कारगर सिद्ध होंगे। दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के प्रचारक नरेन्द गर्ग ने कहा कि हमारी संस्था पानीपत में होने वाले हर सांस्कृतिक, साहित्यिक कार्यक्रमों में अपना योगदान देती रही है और आगे भी निरंतर देती रहेगी। इस अवसर पर बार एसोसिएशन की उप प्रधान आशीमा कौशिक, बार के पूर्व प्रधान शेर सिंह खर्ब, एडवोकेट सुमित आर्य, बार सह सचिव यमन बठला, खजांची राकेश अहलावत, एडवोकेट पवन रोहिल्ला, एडवोकेट संजय आर्य आदि मौजूद रहे।


पानीपत। जिला बार के अध्यक्ष सुरेंद्र दुहन अपनी टीम के साथ कवियों का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### 148343.3 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले में 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 148343.3 मीट्रिक टन गेहूं को खरीद लिया गया है। इन मंडियों में अब तक 25361 किसान गेहूं लेकर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा इन मंडियों में एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक 36.3 प्रतिशत के साथ 53887 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया है। उपायुक्त ने सभी एजेंसियों के अधिकारियों को गेहूं उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि मंडियों से गेहूं खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए।

### जागरूकता शिविर का आयोजन

**नारायणगढ़।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा उपमण्डल के गांवों व स्कूलों में फसल अवशेष प्रबंधन के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. नरेश ने बताया कि स्कूलों व कॉलेजों में फसल अवशेष प्रबंधन के तहत बच्चों को जागरूक किया गया।राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. नरेश व विषय विशेषज्ञ डॉ. दीपक कुमार द्वारा बच्चों को जागरूक किया गया।

### जिम की नई रूप में शुरुआत

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्राओं के शारीरिक स्वास्थ्य और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए जिम की नई रूप में शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक उपयुक्त वातावरण प्रदान करना है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जिम को नए उपकरणों से सुसज्जित किया गया है और इसके संचालन के लिए एक निरीक्षक की नियुक्ति भी की गई है।

### कल प्रवेश करेगी साइकिल यात्रा

**नारायणगढ़।** हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइकिल यात्रा शनिवार को उपमंडल में प्रवेश करेगी। यह साइकिल यात्रा जिला यमुनानगर से उपमंडल में पहुंचेगी। इसका जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। एसडीएम शाश्वत सांगवान ने बताया कि नशा मुक्ति अभियान को लेकर यह यात्रा 5 अप्रैल से हिसार से शुरू हुई है। जोकि प्रदेश के सभी 22 जिलों को कवर करेगी।

# महावीर पार्क में जल्द शुरू होगी बोटिंग, अधूरे निर्माण को भी किया जाएगा पूरा

- मेयर शैलजा सचदेवा बोली, निगम अधिकारियों को दिए गए निर्देश, 2019 में पूरा होना था निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के महावीर पार्क में छावनी के सुभाष पार्क की तर्ज पर बोटिंग होगी। इसके लिए निगम की ओर से तैयारियां हो रही हैं। जल्द ही पार्क के अधूरे निर्माण कार्य को भी पूरा किया जाएगा। मेयर शैलजा सचदेवा ने कहा कि महावीर पार्क के अधूरे निर्माण को पूरा करने के लिए अधिकारियों को जरुरी निर्देश दे दिए हैं। बता दें कि 2017 में इस पार्क का पुनर्निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन, अभी तक कोई काम रफ्तार नहीं पकड़ा है। इस पार्क को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा घोषणा भी की गई थी। जिसके बाद शुरू हुए महावीर पार्क को नए सिरे से बनाने का काम परवान नहीं चढ़ सका। पार्क का काम सितंबर 2019 तक पूरा होना था लेकिन अभी तक यह काम अधूरा है। इसको लेकर अब मेयर ने इसका काम दोबारा से शुरू कराने का निर्णय लिया है।


महावीर पार्क का दृश्य

### फूड हब लाने की भी योजना

साथ ही पार्क में लोगों के खाने पीने के लिए फूड हब को लाने की भी योजना है। दरअसल, महावीर पार्क में बोटिंग को लेकर लंबे समय से प्रक्रिया चल रही थी। जिसके बाद नवनिर्वाचित मेयर ने अब बोटिंग को शुरू कराने के लिए किवायत तेज कर दी। अब बोटिंग शुरू होनी है। छावनी के सुभाष पार्क की तर्ज पर यहां भी लोग बोटिंग का लुत्फ उठा सकेंगे। पार्क में लोगों की आवाजाही शुरू हो गई है। पार्क लोगों के लिए नगर निगम की ओर से खोल दिया गया है।

### स्वच्छता पर भी दिया जाएगा ध्यान

मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने कहा कि पार्क को लेकर बजट में पहले ही राशि का प्रावधान कर दिया गया है और महावीर पार्क को पहले जैसा साफ स्वच्छ बनाने के लिए उनकी चर्चा काफी समय से होती रही है।

***पार्क में शुरू होगी बोटिंग:*** महावीर पार्क में नगर निगम की ओर से बोटिंग शुरू करवाई जाएगी। जिसके लिए कंपनी को टेंडर दे दिया गया है और आने वाले सोमवार से ही पार्क के तालाब में 2 मोटर बोट और 8 पैडल बोट के साथ कंपनी अपनी गतिविधि का ट्रायल शुरू कर देगी। ट्रायल के बाद जैसे ही सारे इंतजाम और ट्रायल रन की रिपोर्ट कंपनी देगी, उसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से महावीर पार्क में बोटिंग का उद्घाटन करवाया जाएगा। इसके साथ ही पार्क में बोटिंग के साथ-साथ फव्वारों को चलवाने का काम भी शुरू करवाया जाएगा।

## अफसरों को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

# वार हीरोज खेल स्टेडियम की जांच में मिली खामियां, राज्यमंत्री ने जताई नाराजगी

- गौतम बोले, राज्य सरकार की ओर से खिलाड़ियों को दी जा रही हैं बेहतरीन सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

खेल राज्यमंत्री गौरव गौत्तम ने शुक्रवार को अंबाला छावनीके वार हीरोज खेल स्टेडियम का निरीक्षण किया। जांच के दौरान स्टेडियम में कई गंभीर खामियां मिली। इसको लेकर उन्होंने अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए।

यहां मीडिया से बातचीत करते हुएए मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में खिलड़ियों को खेल जगत के तहत बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। अंबाला के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में भी खिलाडियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही हैं। यहां पर खेल से जुड़ी सुविधाएं हैं उनका प्रदेश के अन्य खेल स्टेडियमों में भी अनुसरण किया जाएगा। इससे पहले यहां पहुंचने पर खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम का डीएसओ राजबीर सिंह, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, प्रिंसिपल आईटीआई भूपेंद्र सांगवान, कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग रितेश अग्रवाल, प्रिंसिपल मूलचंद आईटीआई ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया।

गौतम ने सबसे पहले जिम्नास्टिक हाल का जायजा लिया। यहां पर खिलाड़ियों को जो सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है उसकी जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने ऑल वेदर स्वीमिंग पूल के साथ-साथ फुटबाल स्टेडियम का भी जायजा लिया। उन्होंने डीएसओ से खेल स्टेडियम से जुड़ी सभी सुविधाओं पर विस्तार से बातचीत की। फुटबाल स्टेडियम को हैंड ओवर करने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि विभाग से बातचीत करके इस कार्य को किया जाएगा। ईडी द्वारा कांग्रेस के खिलाफ जो चार्जशीट दायर की गई है उस प्रश्न का उत्तर देते हुए खेल राज्य मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के जो पाप निकलकर सामने आ रहे हैं। उसे भुगतना होगा और कांग्रेस जिस प्रकार से देश व अन्य प्रदेश में भ्रष्टाचार में डुबी हुई थी, उस पर ईडी ने जो एक्शन लिया है वह सही है। जब सही कार्य होता है तो वह तिलमिला जाती है। कांग्रेस द्वारा जो सांकेतिक प्रदर्शन किया जा रहा है उनको भी पता है उन्होंने पाप किए हैं।


अंबाला। खेल स्टेडियम का मुआयना करते खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम। फोटो : हरिभूमि

# आग से पांच एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

तेपला गांव के खेतों में रात करीब 12 बजे आग लग गई। आग की ऊंची लपटें देख कर आस- पास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और मदद के लिए ग्रामीणों को बुलाया। सूचना मिलने पर ग्रामीण भी अपने ट्रैक्टर ट्राली लेकर पहुंचे और खेत की मिट्टी को काटकर आग पर किसी तरह से काबू पाया।

मगर तब तक करीब पांच एकड़ में गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी। प्रत्यक्षदर्शी किसान रोहित ने बताया कि रात 12 बजे जैसे ही उन्हें पता चला कि खेतों में आग लगी है तो वे दौड़कर गांव की ओर भागे और ग्रामीणों को मदद के लिए बुलाने पहुंचे। सवा 12 बजे किसी तरह ग्रामीण खेतों में पहुंचे और आग पर काबू पाने में जुट गए।

साढ़े 12 बजे उन्होंने दमकल विभाग के अधिकारियों को फोन किया। जिसके चलते करीब एक बजे फायर विभाग की गाड़ियां वहां पर पहुंची। तब तक किसानों ने ही ट्रैक्टर और हैंरो की मदद से आग पर काबू पा लिया था। तेज हवा चलने के आग पर काबू पाने में करीब एक घंटा लग गया।

दमकल विभाग की गाड़ियां आने के बाद डॉयल 112 की टीम भी मौके पर पहुंची। आग के कारण पांच एकड़ में फसल व फाने जलकर राख हो गए। गौरतलब है कि इससे पहले भी नग्गल क्षेत्र में कई एकड़ फसल जलकर राख हो गई थी। जबकि फायर ब्रीगेड की गाड़ी को नग्गल तक पहुंचने में काफी समय लग गया।

ग्रामीणों ने खुद बुझाई आग



# दवाई लेकर लौट रही महिला की सड़क दुर्घटना में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

- पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

गांव जलुबी की एक बुजुर्ग महिला की एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मौत हो गई। यह हादसा जलूबी बस अड्डा के पास सड़क पार करने के दौरान हुआ। बेटे भगवत दयाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 अप्रैल को उनकी मां करेशनी देवी (72) सुबह करीब 10 बजे गांव जलूबी से शाहबाद की 'लाइफ केयर क्लीनिक' में दवाई लेने गई थीं।

काम करने वाले उनके पोते शिवनाथ ने दोपहर करीब 1 बजे फोन कर बताया कि उसने दादी को दवाई दिलवाकर बराड़ा वाली बस में बिठा दिया है। वो बस से जलूबी पहुंच रही है। भगवत दयाल अपनी कार लेकर मां को लेने गांव के बस अड्डे पर पहुंचे। जैसे ही उनकी मां बस से उतरकर सडक़ पार कर रही थी तो शाहबाद की ओर से आई एक तेज़ रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बुजुर्ग महिला सड़क पर गिर गई। उनके मुंह से खून निकलने लगा।

हादसे के बाद कार चालक अपना मोबाइल नंबर देकर चला गया। हादसे में महिला की छाती की हड्डी टूटकर अंदर की ओर धंस गई थी। एमएमयू अस्पताल में उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हरियाणवी लोक संस्कृति परंपराओं का होगा प्रचार

- छात्र सीखेंगे हरियाणवी लोक नृत्य कला
- अंबाला छावनी के बाल भवन में शुरू हुई पंद्रह दिवसीय लोक नृत्य कार्यशाला


हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

कला एव सांस्कृतिक कार्य विभागव जिला बाल कल्याण परिषद, अंबाला द्वारा संयुक्त रूप से लघु बाल भवन अंबाला छावनी में 15 दिवसीय हरियाणवी लोक नृत्य कार्यशाला का आरंभ किया गया। इसका मकसद हरियाणवी लोक संस्कृति परम्पराओं का प्रचार-प्रसार करना है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर के निर्देशानुसार कार्यशाला का आरंभ विश्वास मलिक, जिला बाल कल्याण अधिकारी द्वारा दीपशिखा प्रज्वलित कर बच्चों को अपनी सांस्कृति विरासत का पहरेदार बनने का आह्वान किया। विश्वास मलिक ने बताया की लघु बाल भवन, अंबाला छावनी में इन बच्चों को हरियाणवी लोक नृत्य का प्रशिक्षण निशुल्क दिया जाएगा। बुध राम, प्रशिक्षक द्वारा बच्चों को इस कार्यशाला के माध्यम से समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। इस शिविर में बाल भवन प्रोजेक्ट्स के बच्चे, कौशल विकास केंद्र तथा ओपन शेल्टर होम के बच्चे भी प्रशिक्षण लेंगे। इस अवसर पर निदेशक, कला एवं सांस्कृति विभाग से अनुरोध किया कि ऐसी लोक नृत्य कार्यशाला का आयोजन पूरे प्रदेश स्तर पर किया जाना चाहिए ताकि हरियाणा की समृद् सांस्कृतिक विरासत का भरपूर प्रचार-प्रसार हो सके।

जिला बाल कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया की जिला बाल कल्याण परिषद, अंबाला द्वारा बाल भवन में 15 अप्रैल से 30 जून, 2025 तक हाबी कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बच्चों को नृत्य, ड्रॉइंग, जूडो कराटे, स्कैटिंग, संगीत, योग व मेडिटेशन का प्रशिक्षण अनुभवी अध्यापकों द्वारा दिया जाएगा। इस अवसर पर दीपेश कुमार, अशोक कुमार, सोहन लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।



अंबाला। कार्यशाला का शुभारंभ करते अधिकारी व हिस्सा लेने वाले बच्चे। फोटो : हरिभूमि


अंबाला। मुख्य वक्त को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. देशराज बाजवा। फोटो : हरिभूमि

# छात्रों को गणितीय समस्याओं को हल करने के लिए नए व रोचक तरीके सिखाए गए

**अंबाला।** अंबाला छावनी स्थित गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के गणित विभाग द्वारा एक दिवसीय 'वैदिक गणित' पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैदिक गणित की प्राचीन तकनीकों से परिचित कराना और गणना की सरल व तीव्र विधियों को समझाना था, जिससे उनकी गणितीय दक्षता और आत्मविश्वास में वृद्धि हो सके। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. देश राज बाजवा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि वैदिक गणित न केवल गणना की गति बढ़ाता है, बल्कि छात्रों में तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करता है।इस कार्यशाला में डॉ. राजेश कुमार, सहायक प्रोफेसर, जीएमएन कॉलेज ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने वैदिक गणित के विभिन्न सूत्रों, उनके अनुप्रयोगों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में इनकी उपयोगिता पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सत्र संवादात्मक एवं व्यावहारिक रहा, जिससे छात्रों को गणितीय समस्याओं को हल करने के नवीन और रोचक तरीके सीखने को मिले। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा मुख्यअतिथि को प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रो. दीपक कुमार, प्रो. नेहा रानी, प्रो. पूजा नागपाल, प्रो. प्रीति का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में छात्र समन्वयक की भूमिका अंजलि ने निभाई। यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रही और उनकी गणितीय सोच को नई दिशा देने में सफल रही।

# साहित्यिक महोत्सव में रचनात्मक अभिव्यक्ति के जादू का जमकर मनाया जाएगा जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के आम्रपाली रिसॉर्ट्स में शनिवार को बहुप्रतीक्षित लिटरेरिया - अंबाला साहित्य महोत्सव का आयोजन होगा। यहां साहित्य, कहानी कहने और रचनात्मक अभिव्यक्ति के जादू का जश्न मनाएगा। दिन भर चलने वाले इस कार्यक्रम में पूरे भारत से लेखक, कवि और कलाकार शामिल होंगे।

महोत्सव की शुरुआत महोत्सव निदेशक डॉ. सोनिका सेठी के संबोधन से होगी। इसके बाद प्रसिद्ध कवि डॉ. माधव कौशिक का मुख्य सत्र 'कविता, कहानी और जीवन' होगा। दिन भर के सत्रों में डॉली गुलेरिया, मंजिरी प्रभु, हर्षाली सिंह, मोना वर्मा, राजेंद्र कनौजिया और बलकार सिद्धू जैसी लोकप्रिय आवाज़ों पर प्रकाश डाला जाएगा।

इसके अलावा थ्रिलर, स्मृति लेखन, संस्कृतियों में कहानी कहने और मंच अनुकूलन के बारे में भी बातचीत होगी। सत्र के साथ-साथ स्कूली बच्चों के लिए एक विशेष थिएटर कार्यशाला भी चलेगी, जो युवा प्रतिभागियों को प्रदर्शन और रचनात्मकता की दुनिया से परिचित कराएगी।

अपने दृष्टिकोण को साझा करते हुए, डॉ. सोनिका सेठी ने कहा, लिटरेरिया सिर्फ एक साहित्यिक महोत्सव नहीं है; यह शब्दों के साथ जुड़ने, विचारों को सांझा करने और प्रेरित करने की शक्ति के लिए एक श्रद्धांजलि है। ऐसी विविध आवाजें लाने पर हम भी गर्व कर सकेंगे।

# 5 अवैध हथियारों के साथ आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

- दो जिंदा कारतूस भी मिले

थाना महेशनगर क्षेत्र के गांव मंगलई के पास निमार्णाधीन फ्लाईओवर के नीचे से सीआईए-1 ने आरोपी जैद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पांच अवैध हथियारों के साथ दो जिंदा कारतूस भी जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। उसे पांच दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-1 के इंस्पेक्टर हरजिंद्र सिंह ने बताया कि 17 अप्रैल 2024 को सीआईए-1 को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध हथियार बेचने का कार्य करता है। वह अवैध हथियार बेचने के लिए गांव मंगलई फ्लाई ओवर के नीचे खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत रेड कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने के बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हथियार जब्त किए। अब पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।



## मुख्य सचिव ने वीसी के जरिए प्रशासनिक अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

# नशाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए अधिकारी गंभीरता से करें काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने शुक्रवार को वीसी के माध्यम से नशे जैसी भयंकर बीमारी पर रोक लगाने को लेकर प्रदेश के सभी उपायुक्तों एवं अन्य अधिकारियों की मीटिंग लेकर नशे पर अंकुश लगाने को लेकर किए जा रहें कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान गृह, जेल, अपराधिक जांच व न्याय प्रशासन विभागों की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा भी मौजूद रही।

मुख्य सचिव ने एनकोर्ड की बैठक लेते हुए प्रदेश के सभी उपायुक्तों से जिलेवार नशे की रोकथाम को लेकर किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि नशा एक गंभीर विषय है। इस पर सभी सजग होकर कार्य करे। उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि जिले में हर माह एनकोर्ड बैठक लें और इसकी रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चत करें। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि दिशा-निर्देश की शत प्रतिशत पालना की जाएगी।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो भी निर्देश मिले उनकी अनुपालना की जाए। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी लत व बीमारी है जो नशा करने वाले व्यक्ति पर शारीरिक व मानसिक रूप से बहुत बुरा प्रभाव डालती है और उसके सम्पूर्ण जीवन को नष्ट कर देती है। इसलिए हमें नशे के दुष्प्रभाव बारे स्वयं जागरूक होकर नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहना चाहिए और नशे के खिलाफ इस अभियान का हिस्सा बनकर दूसरो को भी नशे बारे जागरूक करना चाहिए। बैठक के दौरान उन्होंने नशे के विरुद्ध शिक्षा, खेल व पुलिस विभाग को आपसी समन्वय के साथ नशे पर बच्चों, आम नागरिक व विशेषकर युवाओ को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए ताकि उन्हें नशे जैसी बुरी बीमारी से बचाया जा सकें।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जिलें मे नशे पर रोक लगाने को लेकर सुझाव भी आमंत्रित किए। उन्होंने पुलिस विभाग निर्देश दिए कि ऐसे स्थानों जहां नशे की बिक्री व अन्य गतिविधियों मे संलिप्ता होने की संभावना हो उसे चयनित करें और उस पर छापेमारी कर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाएं। उन्होंने कहा कि नशा करने वालों के साथ-साथ नशा कहां से आ रहा है या मिलता है इसका पता लगाना भी जरूरी है इसलिए इस पुलिस मुश्तैदी से कार्य करें।


अंबाला। मीटिंग के दौरान मौजूद अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसपी सुरेंद्र सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रहमजीत सिंह, जिला न्यायवादी नरेंद्र सिंह, एसडीएम शाश्वत सांगवान, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम अमित भारद्वाज, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीएसपी रमेश कुमार, जिला उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. खुशीला, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, सीएमओ डॉ. राकेश सहल, तहसीलदार अंबाला कैंट प्रियंका भी मौजूद रही।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005